राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–233/2023

राज्यपाल ने स्व० बी० पी० मंडल की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 25 अगस्त, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व० बी०पी० मंडल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में देशरत्न मार्ग एवं सर्कुलर पथ, पटना के चौराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं अन्य मंत्रीगण माननीय एवं अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व० बी०पी० मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....